हनुमान मंदिर की गदा से की पिता की हत्या, चचेरा भाई भी लहूलुहान

मानसिक रूप से अस्वस्थ आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर, देशबन्धु। खजुराहो के भरवा गांव में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया। यहां एक बेटे ने हनुमान मंदिर से गदा उठाकर अपने ही पिता हमला कर बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और शुरुआती जांच में उसके मानसिक रूप से अस्वस्थ होने की जानकारी सामने आई है।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 5:30 बजे आरोपी रामपाल ने हनुमान मंदिर से गदा उठाकर अपने पिता पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। यही नहीं आरोपी ने अपने चचेरे भाई पर भी हमला किया, जिसे गंभीर चोटें आईं और जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

इस दर्दनाक घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी के

हाथ बंधे हुए हैं। वीडियो में वह अपने पिता के खून को पीने की बात करता दिख रहा है। मौके पर डायल 100 की टीम और कुछ ग्रामीण भी नजर आ रहे हैं।

खजुराहो एसडीओपी नवीन दुबे ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि वह लंबे समय से मानसिक बीमारी से जूझ रहा था। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

मृतक के परिजन सुरेंद्र पाल ने घटना की जानकारी पुलिस को दी थी। इस वारदात से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोग सदमे में हैं और पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

निरोगी काया अभियान अंतर्गत शिविर आयोजित, 155 की हुई एनसीडी स्क्रीनिंग

बालाघाट, देशबन्धु। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन व सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा शनिवार को निरोगी काया अभियान अन्तर्गत सिन्धु भवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में अर्बन नोडल अधिकारी डॉ. निशांतनंदा गौली के दिशा निर्देशन में स्वास्थ्य चिकित्सज्ञों द्वारा स्वास्थ्य जॉच की गई। जिसमे 155 हितग्राहियो की एनसीडी स्क्रीनिंग के साथ ही आयुष्मान कार्ड, हब एण्ड स्कोप योजना अन्तर्गत 67 प्रकार की पेथोलॉजी जॉच सुविधा, नि:शुल्क दवाईया, बीपी, शुगर की जॉच, सिकलसेल की जॉच, टी.बी. की जॉच भी गई। आयोजित स्वास्थ्य शिविर शहरी स्वास्थ्य अन्तर्गत कार्यरत नर्सिग ऑफिसर, एएनएम आशा कार्यकर्ता, आउटसोर्स डाटा एन्ट्री ऑपरेटर सपोर्ट स्टॉफ, द्वारा सराहनीय कार्य संपादित कर सहयोग प्रदान किया सम्पूण स्वास्थ्य शिविर का प्रबंधन श्री संजय मानेश्वर एपीएम अर्बन हेल्थ द्वारा संपादित किया गया।

गोदाम चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, पंप और सामग्री बरामद

उमरिया, देशबन्धु। बिरसिंहपुर पाली पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मंगठार स्थित एक गोदाम से पंप और अन्य सामग्री चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने तत्परता से जांच शुरू की और आरोपियों तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की।

घटना 22 मार्च की है, जब ग्राम मंगठार निवासी कामता प्रसाद पिता रमेश प्रसाद मिश्रा के गोदाम से अज्ञात चोरों ने नल जल योजना के तहत उपयोग किए जाने वाले दो फाल्कन समर्सिबल पंप, मोटर और अन्य सामग्री चोरी कर ली थी। इस घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने तत्काल अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ की। पुलिस ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए जल्द ही जांच प्रक्रिया तेज कर दी।

विवेचना के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिनके आधार पर संदेही अंकित साहू पिता कंछेदी लाल साहू (32 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर 10, झिरिया मोहल्ला, पाली से पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने चोरी की बात कबूल कर ली और बताया कि उसने चोरी किए गए पंप को अपने मित्र संदीप असाटी, निवासी पाली प्रोजेक्ट के यहां छिपाकर रखा है।

पुलिस ने आरोपी अंकित साहू पर धारा 331(4), 305 बीएनएस तथा संदीप असाटी के विरुद्ध धारा 317(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई सामग्री को भी बरामद कर लिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मदनलाल मरावी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाई।

पुलिस की इस तेजी और कुशलता से किए गए प्रयासों के चलते आरोपियों को पकड़ने और चोरी की गई सामग्री को बरामद करने में सफलता मिली। इस घटना के बाद पुलिस ने नागरिकों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की है। इसके साथ ही पुलिस ने आश्वासन दिया है कि अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

सार-समाचार

सर्व हिंदू समाज ने निकाली शोभायात्रा

ब्यौहारी, देशबन्धु। ब्यौहारी हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर सर्व हिंदू समाज यात्रा द्वारा श्री राम जानकी और हनुमान की सनातन यात्रा नगर में निकाली गई । यात्रा का शुभारंभ सुंदी बाई केसरवानी स्कूल से प्रारंभ होकर बस स्टैंड में देवी मंदिर चुंगी नाका, लक्ष्मी नारायण मंदिर मार्ग,गंज मंदिर होकर पुन: स्कूल पहुंची जहां पर भंडारे का आयोजन किया गया, जहां पर सभी सनातनी बंधुओ द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। शोभायात्रा में सुरक्षा के लिए पुलिस मौजूद रही। शोभायात्रा में 500 सनातनी बंधु, भगिनी शामिल हुए।

नमाज अदा कर मुस्लिम समाज ने मनाई ईद

गले मिलकर एक दूसरे को दी बधाई

ब्यौहारी, देशबन्धु। नगर परिषद के अंतर्गत मुस्लिम समाज द्वारा रमजान के पवित्र महीने में एक माह रोजा रखने नियम और अनुशासन में रहने के बाद चांद निकलने के बाद ईद की नमाज अदा की गई। उसके बाद सब ने गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। स्टेट बैंक के पीछे मैदान में हाफिज वसीम राजा द्वारा नमाज अदाकाराई गई हिंदुस्तान में अमन चयन का पैगाम दिया। उन्होंने कहा कि इस्लाम हमें नेकी और शांति का राह दिखाता पूरे विश्व में शांति रहे, यही अल्लाह का पैगाम है। नमाज अदा करने के बाद प्रशासन की तरफ से तहसीलदार एवं नगर निरीक्षक ने ईमाम एवं सदर को ईद की बधाई दी। इस दौरान ब्यौहारी कमेटी के सदर मोहम्मद रमजान कादरी भी उपस्थित थे सुरक्षा की दृष्टि से नगर निरीक्षक अरुण पांडे तहसीलदार अजय पांडे एवं पुलिस बल उपस्थित रहा।

गेहूं खरीदी का कार्य 15 मई तक

बालाघाट, देशबन्धु। मध्य प्रदेश शासन के उप सचिव के निर्देशानुसार, रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए जिले में किसानों से गेहूं खरीदी का कार्य 15 मार्च से 15 मई 2025 तक किया जाएगा। इस प्रक्रिया में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नोडल अधिकारी के रूप में नामित किए गए हैं, जो उपार्जन केंद्र की गतिविधियों के पर्यवेक्षण के लिए उत्तरदायी होंगे। जिसमें नोडल अधिकारी को गए दायित्व पंजीकृत किसानों को टोकन जारी करवाना, निर्धारित मात्रानुसार बोरियों में गेहूं भरने का सत्यापन करना, तौल किए गए गेहूं के बोरों का परिवहन कराना, गेहूं उपार्जन में कृषकों को होने वाली असुविधा का निराकरण करवाना तथा जूट के खाली बारदाने की कमी होने पर उसकी आपूर्ति जिला प्रबंधक, म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो. तथा ई-उपार्जन 2025-26 वाटस ग्रुप के माध्यम से अवगत कराना।

20 अप्रैल तक होगा तुअर का पंजीयन

बालाघाट, देशबन्धु। भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में ई उपार्जन पोर्टल पर तुअर के पंजीयन के लिए 20 अप्रैल तक अंतिम तारीख निर्धारित की गई है।

किसान कल्याण एवं कृषि उप संचालक श्री राजेश खोबरागड़े से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में खरीफ विपणन वर्ष में तुअर के पंजीयन के लिए 18 पंजीयन केंद्र निर्धारित किये गए है। ई उपार्जन पोर्टल पर कियोस्क, किसान एप, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र, एवं साइबर कैफे के माध्यम से किसान अपना पंजीयन करवा सकते है। जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित 18 पंजीयन केंद्रों में बृहत्ता सेवा सहकारी संस्था कटंगी, वारासिवनी, सेवा सहकारी समिति बड़गांव, आरम्भा, खैरलांजी, धनकोषा, आदिमजाति सेवा सहकारी संस्था परसवाड़ा, लामता, लामता (गुडरु), सेवा सहकारी समिति जरेरा, मानेगांव, दमोह, भोरवाही, लांजी, नेवरगांव, सिहोरा, डोकरबन्दी व विपणन सहकारी समिति मोहगांव शामिल है।

आज से स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम प्रारम्भ

बालाघाट, देशबन्धु। शासन द्वारा स्कूल शिक्षा अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2025 के आयोजन संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गए है। जिसके तहत प्रदेश के समस्त विद्यालयों में आज कक्षा 1 से 8 तक बाल सभा आयोजित की जाएगी। इसके अलावा जिला स्तर पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सांसद, विधायक, शाला के पूर्व विद्यार्थियों व जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ उपस्थित छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा निशुल्क पुस्तकें वितरण के साथ ही शालाओं में विशेष भोज भी आयोजित किया जाएगा। वही 02 अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम के

तहत प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शालाओं में बच्चों के साथ किसी एक कालखंड में संवाद किया जाएगा। इसके साथ ही 3 अप्रैल को विद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक खेल कूद गतिविधियां व अंतिम दिन शाला प्रबंधन समिति एवं शाला प्रबंधन व विकास समिति की बैठक आयोजित की जाएगी और 4 अप्रैल को हार के आगे जीत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

अगले चार दिन में फिर बदलेगा मौसम

बालाघाट, देशबन्धु। मौसम विज्ञान विभाग के मौसम केंद्र भोपाल द्वारा अगले चार दिनों में प्रदेश में बदल रहे हवा पानी की स्थिति के सम्बंध में एडवाइजरी जारी की गई है।इसके अनुसार अगले 4 दिनों में बालाघाट सहित प्रदेश के कई जिलों में झोंकेदार हवाओ के दौर व कहीं कहीं वर्षा की स्थिति का अनुमान लगाया गया है। बालाघाट भी उन जिलो में शामिल है। यहां 4 अप्रैल को 40 से 50 किमी. की झोंकेदार हवाएं चलने का आंकलन किया गया है। साथ ही कहीं-कहीं बारिश के भी आसार है। मौसम विभाग ने नागरिकों को सुझाव भी दिए है।

घर के अंदर रहें, खिड़कियां और दरवाजे बंद करें और यदि संभव हो तो यात्रा से बचें। सुरक्षित आश्रय लें; पेड़ों के नीचे शरण न लें तथा तूफ़ान के दौरान जल निकायों से तुरंत बाहर निकलें। कंक्रीट के फर्श पर न लेटें और कंक्रीट की दीवारों का सहारा न लें। इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्लग निकाल दें एवं उन सभी वस्तुओं से दूर रहें जो बिजली का संचालन करती हैं। जानवरों को खुले पानी, तालाब या नदी से दूर रखें। रात के समय पशु को खुले स्थान पर न रखें। पशुओं का विशेष ध्यान रखें, पशुओं को विशेष संरक्षित एवं सुरक्षित पशु शेड में रखें। सभी जानवरों को रात के दौरान विशेष रूप से संरक्षित और सुरक्षित पशु शेड में रखा जाना चाहिए। इसके अलावा, दोपहर के समय खेत के जानवरों को खुली चराई की अनुमति न दें।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढस्ष्ठ) और स्थानीय अधिकारियों जैसे आधिकारिक स्रोतों से मौसम के पूर्वानुमान और अलर्ट पर नज़र रखें। आपातकालीन किट में आवश्यक वस्तुएं जैसे कि जल्दी खराब न होने वाला भोजन, पानी, दवाइयां, टॉर्च, बैटरी और प्राथमिक चिकित्सा किट रखें। परिवहन व्यवस्था सहित निकासी के तरीके के बारे में पहले से योजना बना लें वेक्टरजनित रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकिनगुनिया से बचाव हेतु प्रशासन द्वारी जारी निर्देशों का पालन करे।

कृषकों के लिए विशेष सलाह

खुले क्षेत्रों में कटाई की गई फसलें बारिश से सुरक्षा हेतु सुरक्षित स्थानों में संग्रहण करें। ओलावृष्टि से बचने के लिए फल एवं बागवानी फसलों में हैलनेट का प्रयोग करें। जिन क्षेत्रों में कटाई चल रही है या फसले तैयार खड़ी हैं उनकी कटाई अगले एक सप्ताह के लिए रोक दें। फसलों की नियमित निगरानी करें ताकि कीटों और रोगों का पता चल सके, जहां संभव हो जैव-कीटनाशकों और नीम आधारित समाधानों का उपयोग करें। अत्यधिक रासायनिक दवाओं का उपयोग करने से बचें ताकि प्रतिरोधी स्थितियां उत्पन्न न हों। ग्रीष्मकालीन फसलों के लिए भूमि की तैयारी शुरू करें, हल चलाकर और जैविक खाद का उपयोग करें। खाद्य संकलन और सतत खेती पद्धतियों के माध्यम से मृदा की उर्वरता बनाए रखें।

गुनौर विधायक ने ग्राम माल्हन में किया जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

पन्ना, देशबन्धु। गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने रविवार को ग्राम पंचायत माल्हन स्थित प्राचीन तालाब में साफ-सफाई एवं श्रमदान कर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया।

विधायक के आह्वान पर आमजनों ने भी कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्रीकांत त्रिपाठी सहित जनपद पंचायत अध्यक्ष जलसी बाई आदिवासी, एसडीएम रामनिवास चौधरी, तहसीलदार रत्नराशि पाण्डेय, नायब तहसीलदार राजेश मेहरा, जनपद पंचायत सीईओ धीरज चौधरी, सरपंच प्रीति द्विवेदी भी उपस्थित रहीं। विधायक डॉ.

वर्मा ने ग्राम माल्हन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण भी किया। उन्होंने चौपाल में ग्रामवासियों की समस्याएं भी सुनीं। आवेदन प्राप्त कर अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कहा। विभिन्न विकास कार्यों, पौधरोपण तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा भी की। एक अप्रैल से प्रारंभ नवीन शैक्षणिक सत्र में स्कूल में शत प्रतिशत पात्र बच्चों के नामांकन करवाने के निर्देश दिए।

बनौली में की कुआंताल जलाशय की सफाई

पन्ना, देशबन्धु। शासन के निर्देशानुसार आगामी तीन माह तक संचालित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आज जिले के विभिन्न स्थानों पर जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और संरक्षण का कार्य प्रारंभ किया गया।

इस दौरान जागरूकता गतिविधियों के आयोजन के साथ ही जनप्रतिनिधि और अधिकारियों द्वारा आमजनों से अभियान में भागीदारी की अपील की गई। अभियान अंतर्गत रविवार को जल संसाधन संभाग पन्ना तथा केन-बेतवा संभाग क्रमांक 1 पवई के तत्वाधान में ग्राम बनौली स्थित कुआंताल जलाशय की साफ-सफाई और संरक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों सहित आमजनों ने भी उत्साहपूर्वक श्रमदान किया।

इसके अतिरिक्त अजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत देवगांव में जिला पंचायत सदस्य रचनादेवी पटेल एवं सरपंच पुष्पादेवी कोंदर ने ग्रामवासियों की सहभागिता से कलश यात्रा निकाली और जल संरक्षण एवं इसके महत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया। ग्राम पंचायत भसूड़ा में अभियान के शुभारंभ पर ग्रामवासियों के सहयोग से रैली निकाली गई। इसी तरह शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत महगवां सरकार में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्राचीन तालाब के घाट की सफाई की। पवई की ग्राम पंचायतों में भी तालाबों से जलकुंभी एवं कचरा निकाला गया। नगर परिषद अजयगढ़ की अध्यक्ष सीता गुप्ता द्वारा हजूरी तालाब के गहरीकरण का कार्य प्रारंभ कराया गया।

आठवीं कक्षा में फेल होने पर बालक ने दी जान

जबलपुर, देशबन्धु। माढ़ोताल थाना क्षेत्र के भोला नगर में 13 वर्षीय बालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आठवीं कक्षा में अध्ययनरत यह छात्र हाल ही में घोषित परीक्षा परिणाम में असफल हो गया था, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

माढ़ोताल डीएसपी बी.एस. गठौरिया के अनुसार, अंश उर्फ अंशु चौधरी (13 वर्ष) भोला नगर में अपने माता-पिता और बड़े भाई के साथ रहता था। उसके पिता दर्जी का काम करते हैं, जबकि उसकी मां एक गृहिणी हैं। बड़ा भाई आर्यन चौधरी (19 वर्ष) बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है। शनिवार को बालक के पिता काम पर चले गए थे, बड़ा भाई दोस्त के घर गया था और माँ किसी कार्य से बाहर गई थीं। घर में अकेले होने पर अंशु ने किचन में लगी लोहे की पाइप (बड़ेरी) में चुन्नी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली।

शाम करीब पांच बजे बड़ा भाई आर्यन जब घर लौटा, तो उसने दरवाजा खटखटाया। लेकिन छोटे भाई ने दरवाजा नहीं खोला। संदेह होने पर उसने दीवार फाँदकर घर के अंदर प्रवेश किया और कमरे का दरवाजा खोला। किचन में जाकर देखा, तो अंशु का शव फंदे पर झूल रहा था। आर्यन ने तुरंत माँ को सूचना दी और बुआ के बेटे अनमोल साकेत की मदद से अंशु को लेकर मेट्रो अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि बालक का रिजल्ट शुक्रवार को आया था और वह कक्षा आठवीं में फेल हो गया था। इसी कारण वह मानसिक तनाव में था और संभवत: इसी तनाव में उसने यह कदम उठा लिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। माढ़ोताल पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण की विवेचना शुरू कर दी है। इस घटना से पूरे परिवार में शोक का माहौल है। अंशु के माता-पिता और भाई इस त्रासदी से सदमे में हैं।

प्रदेश में सबसे अधिक खनिज रॉयल्टी बालाघाट ने वसूली

बालाघाट, देशबन्धु। वित्तीय वर्ष 2024-25 का समापन हो गया है, इसमें बालाघाट जिले ने कई उपलब्धियां हासिल की है। अब नई उपलब्धि खनिज राजस्व हासिल करने के मामले में आयी है। इस वर्ष बालाघाट खनिज लक्ष्य प्राप्त करने में प्रदेश में सबसे अधिक है।

इसके अलावा जिले ने उपलब्धियां हासिल करने में शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों में भी प्रदेश स्तर पर पहचान बनाई है। बालाघाट जिले ने कई योजनाओं में लक्ष्य हासिल किया है। इसी तरह ऐसे विभाग जिन्हें राजस्व कर हासिल करने के लिए शासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया जाता है, उसमें भी जिला प्रदेश में आगे रहा।

खनिज अधिकारी श्री आरके खातरकर ने बताया कि जिले को खनिज राजस्व के लिए 135 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया था। 31 मार्च की स्थिति में बालाघाट ने 170 करोड़ रुपये का राजस्व वसूला है।जो प्रदेश में सबसे अधिक है। परिवहन विभाग द्वारा भी शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया है।

आदेश की नाफरमानी कर बुरे फंसे जिला शिक्षा अधिकारी, कोर्ट ने मांगा स्पष्टीकरण

जबलपुर, देशबन्धु। जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से आदेश का पालन नहीं किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गई थी। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस एके सिंह की एकलपीठ ने पूर्व आदेश की नाफरमानी पर जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर घनश्याम सोनी को हाजिर होकर स्पष्टीकरण पेश करने के निर्देश दिए हैं। याचिका पर अगली सुनवाई आठ अप्रैल को तय की गई है।

जबलपुर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका मुन्नी जैन, कोमल प्रसाद, राजकुमारी, कृपाल सिंह, विष्णु गिरि गोस्वामी और लखनलाल झारिया की तरफ से उक्त याचिका दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि उनको तीन सौ दिन का अर्जित अवकाश भुगतान नहीं किया गया था। जिसे चुनौती देते हुए उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली। हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद उनके पक्ष में राहतकारी आदेश पारित किया। इसके बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर ने मनमानी करते हुए आदेश का पूर्ण रूप से

पालन सुनिश्चित नहीं किया। जिससे व्यथित होकर अवमानना याचिका दायर की गई है। याचिका की सुनवाई के दौरान एकल पीठ को बताया गया कि जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने पूर्व में पारित आदेश का पूर्ण रूप से परिपालन नहीं किया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने पूर्व में पारित आदेश की मनमानी तरीके से व्याख्या करते हुए याचिकाकर्ताओं को उचित लाभ प्रदान नहीं किया है। एकल पीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को अर्जित अवकाश के संपूर्ण रिकॉर्ड सहित हाजिर होने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ताओं की तरफ से अधिवक्ता अनिरुद्ध पांडे ने पैरवी की।